# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

P-1

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/4102
दिनांक : 28.02.2024

## विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नांकित बिन्दुबार बी0एड0/स्पेशल बी0एड0, प्रथम/द्वितीय वर्ष के परीक्षा फार्म लिंक/बेबसाइट https://ccsu.aimserp.co.in/web/portal दिनांक पर पत्रांक: बी0एड0 परीक्षा/4101, 27.01.2024 में जारी विज्ञप्ति के अनुसार भरवाये जा रहे जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 28.02.2024 निर्धारित की गयी थी। परन्तु कुछ विद्यार्थियों द्वारा किसी कारणवश वर्तमान तिथि तक परीक्षा फार्म नही भरवराये पाये है को, एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुऐ निम्नांकित तिथि निर्धारत की जा रही है:–

01. बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा आयोजित बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 काउन्सलिंग के माध्यम से चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेशित प्रथम वर्ष (सत्र 2023–2025) मुख्य परीक्षा फार्म।
02. विश्वविद्यालय पोर्टल पर सम्बद्ध अल्पसंख्यक संस्थानों के पंजीकृत प्रवेशित छात्रों के प्रथम वर्ष (सत्र 2023–25) के मुख्य परीक्षा फार्म।
03. विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत बी0एड0 स्पेशल एजूकेशन प्रथम वर्ष (सत्र 2023–25) के मुख्य परीक्षा फार्म।
04. सत्र 2022–2024 द्वितीय वर्ष (जो छात्र मुख्य परीक्षा 2023 मे प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है) के मुख्य परीक्षा फार्म।
05. मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में प्रथम वर्ष (सत्र 2022–2024) में सम्मिलित छात्रों के बैक/भूतपूर्व परीक्षा फार्म।
06. मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में द्वितीय वर्ष (सत्र 2021–2023) के बैक/भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म।
07. मुख्य परीक्षा 2022 प्रथम (सत्र 2021–2023) के भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म।

उक्त बिन्दुओं से अतिरिक्त कोई विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरता है तो वह स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

उक्त बिन्दुओं से सम्बन्धित परीक्षा फार्म निम्नांकित तिथियों के अनुसार भरवाये जाने है:–

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि | : | 27.01.2024 |
| परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | : | 10.03.2024 |
| भरे गये परीक्षा फार्मो को महाविद्यालय द्वारा सत्यापित करने की अन्तिम तिथि | : | 12.03.2024 |
| एजेन्सी द्वारा रोल नम्बर एवं नामांकन संख्या उपलब्ध कराये जाने की तिथि | : | 15.03.2024 |

P-2

भरे गये परीक्षा फार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा : 16.03.2024

करने की तिथि (जनपद–हापुड़, बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, शामली व मुजफ्फरनगर)

भरे गये परीक्षा फार्म एन0आर0 सहित विश्वविद्यालय में जमा : 18.03.2024

करने की तिथि (जनपद–बागपत, मेरठ, गाजियाबाद व सहारनपुर)

यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा हैं। यदि कोई विद्यार्थी उपरोक्त अन्तिम तिथि तक परीक्षा फार्म नही भरता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित विद्यार्थी/महाविद्यालय/संस्थान की होगी।

**महत्वपूर्ण अनुदेशः–**

01. परीक्षायें माह मई, 2024 में आयोजित होगी। अतः समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि समयान्तर्गत छात्रों की अतिरिक्त कक्षायें चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना, आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराना इत्यादि सुनिश्चित करे।
02. परीक्षाफार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु एजेन्सी हैल्प लाइन नम्बर .01212997771, 01212997772 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
03. परीक्षाफार्म भरने सम्बन्धी प्रक्रिया।
04. नामांकन फार्म (माईग्रेशन फार्म) के साथ मूल माईग्रेशन (मूल माईग्रेसन पर अनुकमांक व नामांकन संख्या अंकित करे) संलग्न कर सूची में अंकित कर अलग से प्रेषित करें। द्वितीय वर्ष, बैक पेपर परीक्षा फार्म एंव भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप में भरा गया फार्म के साथ माईग्रेसन जमा न करें।
05. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो वर्षों (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्य परीक्षा के रूप में) के परीक्षा फार्म नहीं भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।
06. अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र व संदर्भित जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।
07. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक यह भी सुनिश्चित करें कि छात्र द्वारा वैकल्पिक विषय का चयन स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही चयनित किया जाए अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय/छात्र की जिम्मेदारी स्वयं होगी।
08. विद्यार्थियों द्वारा परीक्षाफार्म में अपनी फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, जाति, पत्राचार का पता, मोबाइल नं0, ई–मेल विषय कोड, स्त्री/पुरूष तथा विषय कोड त्रुटिवश गलत भर दिये जाने पर महाविद्यालय/संस्थान अपने लॉगिन आई0डी0 से संशोधित किया जाना सुनिश्चित करें (केवल परीक्षा फार्म ऑन लाईन सत्यापित करने की अन्तिम तिथि से पूर्व)। छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय में न भेजा जाये।
09. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षाफार्म निरस्त समझा जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।
10. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही भरना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क जमा न करने की स्थिति में फार्म मान्य नहीं है।
11. परीक्षा फार्म भरने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षा फार्म का प्रिंट निकाल ले। परीक्षाफार्म की एक हार्ड कॉपी अन्तिम तिथि समाप्त होने से पूर्व ही महाविद्यालय/संस्थान को जमा कराये एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

12. छात्र द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म को महाविद्यालय/संस्थान अपने पोर्टल पर ऑनलाइन कन्फर्म करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय/संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।
13. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म के प्रथम पृष्ठ पर विद्यार्थी का अनुकमांक व नामांकन संख्या आवश्यक रूप से अंकित करे।
14. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा वविश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
15. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों, नोमिनल रोललिस्ट व माईग्रेसन की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करे।
16. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षा फार्म प्रेषित न किया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
17. परीक्षा फार्म जमा करते समय शपथ–पत्र इस आशय से प्रेषित करे कि संस्थान द्वारा काऊसंलिग के माध्यम से तथा विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकृत ( अल्पसंख्यक कोटे) के ही प्रवेशित विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म आपके द्वारा ऑन लाईन सत्यापित किये गये हैं। यदि उक्त से अतिरिक्त कोई विद्यार्थी पाया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संस्थान के प्राचार्य/निदेशक की होगी।
18. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म पोर्टल से मुद्रित नोमिनल रोललिस्ट क्रम के अनुसार विश्वविद्यालय में प्रेषित करें अन्यथा परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
19. जो महाविद्यालय/संस्थान विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि पर जमा नही करेगे। ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानो पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदार सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानो के प्राचार्य/निदेशक की होगी।
20. परीक्षा फार्म रोल नम्बर के कम में ही जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगें।
21. आपके द्वारा जिन विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म जमा किये जा रहे वह काऊसंलिग व विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकृत अल्पसंख्यक कोटे के माध्यम से प्रवेशित ही विद्यार्थियों के है। यदि उक्त के अतिरिक्त वर्तमान य भविष्य में कोई विद्यार्थी पाया जाता है तो उसके दण्ड का भागी महाविद्यालय/संस्थान का प्राचार्य/निदेशक होगा का एक रू0 100/– का शपथ पत्र परीक्षा फार्म जमा करते समय बी0एड0 परीक्षा विभाग मे जमा कराये।

28-02-2024
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान (बी0एड0 पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी कम्प्यूटर सेन्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रबन्धक/प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. सम्बन्धित विद्यार्थियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

28-02-2024
परीक्षा नियंत्रक